मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-55
28/01/2019

मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी, वरिष्ठ समाजवादी एवं अधिवक्ता रामलखन राय के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 28 जनवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी, वरिष्ठ समाजवादी एवं अधिवक्ता रामलखन राय के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन से जुड़े थे और राम मनोहर लोहिया जी के सहयोगी के रूप में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया था। मुख्यमंत्री ने उन्हें अपना अभिभावक तुल्य बताया और कहा कि उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******